उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1676

दिनांक /Date.: 23.02.2021

संवाद–92

विषयः– वन दरोगा के पदों की संख्या के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को समय–समय पर ऐसे अनुरोध मिले हैं कि मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद वन दरोगा के कितने पदों पर भर्ती की जायेगी। ऐसे मामलों मे यह स्पष्ट करना है कि कभी–कभी विभागीय पदोन्नति, मृतक आश्रित सेवायोजन या अन्य शासकीय नीति के कारण नियोक्ता विभाग को पदों की संख्या में परिवर्तन करना पड़ता है, इसलिए प्रत्येक विज्ञापन में इसका उल्लेख किया जाता है कि पदों की संख्या कभी भी घटायी या बढ़ाई जा सकती है। इस प्रकार पदों की संख्या में संशोधन होना एक सामान्य प्रक्रिया है।

वन दरोगा के मामले में आयोग द्वारा 316 पदों पर भर्ती विज्ञापन प्रकाशित किया गया था वर्तमान में आयोग द्वारा पदों की संख्या के संबंध में पुनः वन विभाग से मन्तव्य प्राप्त किया गया है। वन विभाग से प्राप्त मन्तव्य में अभी तक इन 316 पदों में किसी भी कटौती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। अतः वर्तमान तक आयोग की ओर से 316 पदों पर ही चयन प्रक्रिया संपन्न कराई जानी है। इस प्रकार वर्तमान में पदों की संख्या में कोई भी कमी प्रस्तावित नहीं है।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com